लखनऊ
सोमवार, 25 सितंबर 2023
वर्षः-08 अंकः-09
पृष्ठः-8 मूल्यः- 2 रुपये
RNI- UPHIN/2016/74800

हिन्दी साप्ताहिक
नई सोच, नया जुनून.....
# करण वाणी

अवसर का इंतजार नहीं निर्माण करना सीखो।।

## पास हुआ ऐतिहासिक महिला आरक्षण बिल

# राजीव गांधी जी ने ख़्वाब देखा मोदी जी ने पूरा किया

## सरकार को ट्रांसजेंडर आरक्षण के बारे में भी कुछ सोचना चाहिए

पंकज सिंह चौहान/करण वाणी

महिला आरक्षण बिल 2023 पर राज्यसभा में चर्चा के बाद बिल गुरुवार पास हो गया। बिल के समर्थन में 215 वोट पड़े जबकि विपक्ष में एक भी वोट नहीं पड़ा। राज्यसभा में इस विधेयक पर चर्चा के लिए साढ़े सात घंटे का समय तय किया गया था। 'नारीशक्तिवंदन अधिनियम 2023' नाम से लाया गया बिल लोकसभा में बुधवार को ही पास हो गया था। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही तय समय से एक दिन पहले ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई।




### पीएम मोदी ने बताया ऐतिहासिक क्षण



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण बिल को संसद के दोनों सदनों से मंजूरी मिलने को ऐतिहासिक क्षण बताया है। उन्होंने कहा, 'हमारे देश की लोकतांत्रिक यात्रा का एक ऐतिहासिक क्षण! 140 करोड़ भारतवासियों को बहुत-बहुत बधाई! नारी शक्ति वंदनअधिनियम से जुड़े बिल को वोट देने के लिए राज्यसभा के सभी सांसदों का हृदय से आभार। सर्वसम्मति से इसका पास होना बहुतउत्साहित करने वाला है इस बिल के पारित होने से जहां नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व और मजबूत होगा, वहीं इनके सशक्तिकरण केएक नए युग की शुरुआत होगी। यह सिर्फ एक कानून नहीं है, बल्कि इसके जरिए राष्ट्र निर्माण में अमूल्य भागीदारी निभाने वाली देश कीमाताओं, बहनों और बेटियों को उनका अधिकार मिला है। इस ऐतिहासिक कदम से जहां करोड़ों महिलाओं की आवाज और बुलंद होगी, वहीं उनकी शक्ति, साहस और सामर्थ्य को एक नई पहचान मिलेगी।'

### सरकार को ट्रांसजेंडर आरक्षण के बारे में भी कुछ सोचना चाहिए



महिलाओं के लिए 33 पर्सेंट आरक्षण दिया गया है अच्छी बात है, लेकिन जब हम बराबर की हिस्सेदारी रखते हैं तो इसका कुछ दायरा और बढ़ना चाहिए जिससे किन्नरों को भी इसका लाभ मिले, और ये जातिगत न होकर सिर्फ.महिलाओं के लिए होना चाहिए इसको कैटगरी वाइज नहीं बाँटना चाहिए, सरकार का कदम बहुत अच्छा है, लेकिन सरकार को ट्रांसजेंडर राइट्स के बारे में भी कुछ सोचना चाहिए, ट्रांसजेंडर आरक्षण के बारे में भी कुछ सोचना चाहिए, हम लोगों ने आरक्षण के लिए सुप्रीम कोर्ट में रिट डाल रखी है लेकिन उसका अभी कुछ निर्णय नहीं आया। वैसे सरकार हर तरह से ट्रांसजेंडर राइड्स के लिए सपोर्ट कर रही है, लेकिन अगर सरकार ट्रांसजेंडर आरक्षण के बारे में कुछ सोचेगी तो उससे हमें और मदद मिलेगी।

प्रियंका सिंह रघुवंशी
किन्नर

### बहन, बेटियां देश चलाते दिखेंगी



आधी आबादी में बदलाव लाने के लिए बड़ी इच्छा शक्ति की जरूरत है। इस बिल के अस्तित्व में आने के बाद देश की संसद से लेकर विधानसभाओं में बहन और बेटियां देश और प्रदेश को चलाते हुए दिखेंगी, जो देखना सुखद होगा। देखने वाली बात यह होगी कि बिल आया है और अभी परीसिमन होगा, अगर कोई पक्ष कोर्ट में चला गया तो बिल वहां से खारिज भी हो सकता है, हालांकि इसकी संभावना कम ही है। सवाल यह है कि जब इसे राजनीतिक दल पहले ही लागू कर रहे थे तो यह आज क्यों नहीं किया गया? इन सब सवाल जवाब के बीच एक सुकून देने वाली बात है, वो यह है कि महिला आरक्षण बिल लाए जाने की बात आगे बढ़ी है, इसके लिए केंद्रीय नेतृत्व को बधाई?

अनुपम चौहान
संपादक, समर सलिल

### राजीव गांधी जी ने ख़्वाब देखा मोदी जी ने पूरा किया: रितेश रजवाड़ा



बहूत अच्छा बिल है ये ख़्वाब सालों पहले राजीव गांधी जी ने देखा था अगर वो ख़्वाब कोई पूरा कर रहा है तो बहुत ही सुखद है कई मुद्दों पर जब सारा सदन ताली बजाकर अगर किसी बिल का समर्थन करता है तो लगता है देश एकत्र है, मुझे बहूत अच्छा लग रहा है, मुझे इस परंपरा में ओलंपिक की मशाल नजर आ रही है, जो एक हाथ से दूसरे हाथ में जाती है, राजीव गांधी जी ने ख़्वाब देखा था मोदी जीने उसे पूरा किया, हम तमाम सहमति या असहमतियों के बावजूद अच्छी नीतियों का अच्छे बिल के लिए किसी का भी उपजा घायल हो अगर उसे ऐसे ही ओलंपिक मशाल की तरह लेकर आगे बढ़ते रहेंगे एक हाथ से दूसरे हाथ तक, तो देश रोशन होता रहेगा, लोकतंत्र ज़िंदा रहेगा।

रितेश रजवाड़ा
कवि/लेखक

### सपा महिला आरक्षण विधेयक की पक्षधर, ओबीसी का कोटा निर्धारित हो



समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता सुनील सिंह साजन ने कहा कि सपा महिला आरक्षण बिल की शुरु से पक्षधर रही है। पार्टी की मांग है कि विधेयक में पिछड़ी जाति व शोषित वर्ग की महिलाओं का भी अलग से कोटा निर्धारित किया जाए।

सुनील सिंह साजन ने **करण वाणी** से बातचीत में कहा कि समाजवादी पार्टी ने लोकसभा से लेकर विधानसभा में महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राम मनोहर लोहिया, मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव जी ने हर संभव प्रयास किया। सपा का मानना है कि राजनीति में नर-नारी के बीच भिन्नता न हो। इसके साथ ही संगठन की कोशिश है कि महिलाओं की राजनीति में भागीदारी बढ़े, इसमें शोषित, पिछड़े व छोटे तबके की महिलाएं भी शामिल हों।

सुनील सिंह साजन
पूर्व विधान परिषद सदस्य
समाजवादी पार्टी

# ट्रेन में महिला कांस्टेबल से बर्बरता करने वाले को पुलिस ने मार गिराया

**करण वाणी, न्यूज**

सरयू एक्सप्रेस में महिला सिपाही से दरिंदगी करने वाले मुख्य आरोपी अनीस को अयोध्या में पुलिस और एसटीएफ ने एनकाउंटर में मारगिराया है. वहीं इस मामले में दो अन्य आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने केलिए एक लाख रुपये का इनाम भी रखा था।

सरयू एक्सप्रेस में महिला कांस्टेबल पर जानलेवा हमले में शामिल मुख्य आरोपी को पुलिस और एसटीएफ ने मुठभेड़ में मार गिराया है, अयोध्या के पूरा कलंदर में मुख्य आरोपी अनीस को एक एनकाउंटर में ढेर कर दिया गया. पुलिस के मुताबिक अनीस क्रॉस फायरिंग मेंमारा गया है।

अनीस के दो अन्य साथी अयोध्या के इनायत नगर में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए गए हैं. मारे गिराए गए बदमाश अनीस के दो अन्यसाथी आजाद और विशंभर दयाल उर्फ लल्लू घायल हैं.

एनकाउंटर में ढेर मुख्य आरोपी अनीस महिला कांस्टेबल से ट्रेन में छेड़खानी कर रहा था. महिला सिपाही ने जब बदमाश को पटक दियातो तीनों बदमाशों ने महिला पर जानलेवा हमला कर दिया था और उसके चेहरे को लहूलुहान कर दिया था।

बदमाशों ने ट्रेन की खिड़की पर महिला का सिर पटक दिया था जिससे वो बुरी तरह जख्मी हो गई थी, अयोध्या स्टेशन आने से पहले ट्रेनधीमी हुई तो तीनों बदमाश फरार हो गए थे, महिला सिपाही से इस दरिंदगी के बाद यूपी एसटीएफ और अयोध्या पुलिस ने महिलाकांस्टेबल पर जानलेवा हमला करने वाले एक बदमाश को मार गिराया जबकि दो अन्य को गिरफ्तार किया गया है।

वहीं इस एनकाउंटर को लेकर एसएसपी ने बताया कि पीड़ित महिला को तस्वीर दिखाकर आरोपी की पहचान कराई गई थी, इसके बादपुलिस और एसटीएफ की टीम इस पर काम कर रही थी. आरोपियों की सूचना मिलने के बाद जब इनायत नगर थाना क्षेत्र में पुलिस नेछापा मारकर उन्हें पकड़ने की कोशिश की तो आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी. मुठभेड़ में दो आरोपी घायल होने के बाद पकड़े गएलेकिन एक आरोपी फरार हो गया, उसके लिए पूरे इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया गया.

अधिकारी ने कहा कि इसी दौरान पूरा कलंदर में अनीस नाम के आरोपी के मौजूद होने की सूचना पर जब पुलिस पहुंची और उसे सरेंडरकरने को कहा तो उसने गोली चला दी, पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में गोली चलाई जो अनीस को लगी, इसके बाद उसे जिला अस्पताल लेजाया गया जहां उसकी मौत हो गई।





**पुलिस ने रखा था एक लाख रुपये का इनाम**

बता दें कि सुल्तानपुर में तैनात महिला कांस्टेबल पर सरयू एक्सप्रेस में हुआ जानलेवा हमला सीट पर बैठने को लेकर हुए विवाद कीवजह से हुआ था. लखनऊ केजीएमसी में भर्ती महिला कांस्टेबल से पूछताछ के दौरान पुलिस टीम को यह अहम जानकारी दी थी, इसकेबाद एसटीएफ की टीमें मनकापुर से अयोध्या आने वाले 150 से अधिक लोगों से पूछताछ कर हमलावरों की तलाश में जुट गई थी, पुलिस ने आरोपियों के बारे में जानकारी देने वाले को एक लाख रुपये इनाम देने की भी घोषणा की थी।

**सीट को लेकर हुआ था विवाद**

यह घटना बीते 30 अगस्त को मनकापुर से अयोध्या आ रही सरयू एक्सप्रेस में महिला कांस्टेबल के साथ हुई थी, रिपोर्ट के मुताबिकसरयू एक्सप्रेस में महिला कांस्टेबल ऊपर वाले बर्थ पर लेटी हुई थी जिसको लेकर दोनों हमलावरों से उसका मनकापुर में ही झगड़ा हुआथा।

ट्रेन जब मनकापुर से अयोध्या के लिए निकली, 10 मिनट के बाद ट्रेन ने स्पीड पकड़ी तभी दोनों हमलावरों ने महिला कांस्टेबल पर हमलाकर दिया. पुलिस ने इस मामले में करीब पौने दो सौ संदिग्धों से पूछताछ की थी. पुलिस ने सर्विलांस के साथझसाथ मुखबिरों को भीसक्रिय किया था. मनकापुर से अयोध्या के बीच करीब 200 गांवों में पुलिस की टीमें मुखबिरों के जरिए हमलावरों को तलाश रही थी।

**आधी रात को हाई कोर्ट में हुई थी सुनवाई**

महिला कांस्टेबल पर हुए इस हमले की गंभीरता को देखते हुए इलाहबाद हाईकोर्ट ने इस पर स्वतः संज्ञान लिया था. इस मामले कीस्पेशल सुनवाई के लिए रात में अदातल खुली और जज ने घर पर बेंच बिठाई थी. इसके बाद रेलवे और सरकार से कोर्ट ने सख्त सवालपूछे और कार्रवाई की जानकारी देने को कहा था

# पुलिस महानिदेशक ने लोक शिकायत पोर्टल विकसित करने के दिये निर्देश

**करण वाणी, न्यूज**

पुलिस महानिदेशक विजय कुमार , ने पुलिस मुख्यालय पर समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस आयुक्त, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक जनपद प्रभारी उ0प्र0 के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जन शिकायतों, आपरेशन कन्विक्शन, आपरेशन त्रिनेत्र के सम्बन्ध में कार्यवाही की समीक्षा करते हुये मुख्यतः निम्न बिन्दुओं पर कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

▸▸जन शिकायतों के सघन पर्यवेक्षण, अनुश्रवण, समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण हेतु एक नई व्यवस्था प्रारम्भ करते हुये पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय ने निर्देश दिया कि प्रत्येक जनपद में थानावार एवं अन्य अधिकारी स्तर पर प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों का संकलन पुलिस मुख्यालय तकनीकी सेवाएं द्वारा शीघ्र ही विकसित किये जा रहे लोक शिकायत पोर्टल पर किया जायेगा। प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जॉच एक सप्ताह में पूर्ण हो जाय, जिसकी समीक्षा लोक शिकायत शाखा, पुलिस मुख्यालय द्वारा पोर्टल के माध्यम से की जायेगी।

▸▸थाना प्रभारी के थाने पर समय से जन शिकायतो की सुनवायी/निस्तारण हेतु बैठने का आकस्मिक रूप से वीडियो कालिंग के माध्यम से चेकिंग की जायेगी।

▸▸आपरेशन कन्विक्शन अभियान के अन्तर्गत पूर्व में दिये निर्देशों के क्रम में प्रत्येक जनपद/कमिश्नरेट द्वारा 20-20 अभियोग चिन्हित कर फॉस्ट ट्रैक कार्ट में ट्रायल कराते हुये अभियुक्तों को सजा दिलाये जाने की कार्यवाही की जाये।



▸▸त्वरित गति से गवाहों की गवाही कराने जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

▸▸आपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में और अधिक कैमरे बढ़ाये जाये।

▸▸ग्राम प्रधान के सहयोग से (नवीनतम शासनादेश के अनुसार)गॉव के महत्वपूर्ण स्थानों, सम्पर्क मार्गो इत्यादि पर कैमरे लगवाये जाये।

▸▸थाना क्षेत्र के सार्वजनिक/औद्योगिक प्रतिष्ठानों, स्कूल, निर्जन स्थानों तथा महिला सुरक्षा आदि से सम्बन्धित महत्वपूर्ण स्थानों को चिन्हित कर अच्छी गुणवत्ता के कैमरे लगवाये जाये।

▸▸आपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत अब तक लगभग 05 लाख कैमरे लगाये जा चुके है।

इस अवसर पर विशेष पुलिस महानिदेशक, कानून-व्यवस्था/अपराध, अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे, अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, अपर पुलिस महानिदेशक एटीएस, पुलिस उपमहानिरीक्षक कानून-व्यवस्था सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# कानपुर-लखनऊ जाम से मिलेगी मुक्तिः भारी वाहनों पर लगेगी रोक, हटाए जाएंगे साप्ताहिक बाजार

**सड़क किनारे अतिक्रमण को लेकर भी सर्वे टीम ने कार्रवाई की बात कही है। उन्नाव में हुई बैठक में भी इस पर सहमति बनी कि जाम लगने का प्रमुख कारण हाईवे के किनारे अतिक्रमण भी है।**

करण वाणी, न्यूज

कानपुर हाईवे पर एलिवेटेड रोड के निर्माण से हो रही यातायात की समस्या दूर करने के लिए भारी वाहनों को कानपुर से ही डायवर्ट किया जाएगा। जल्द ही इसका प्लान बनाया जाएगा। वहीं, कानपुर रोड पर गौरी, बंथरा और चिल्लावां में साप्ताहिक बाजार बंद अन्यत्र शिफ्ट कराए जाएंगे। शनिवार को उन्नाव में हुई बैठक में यह रणनीति तय की गई। बैठक में कानपुर नगर, कानपुर देहात, हमीरपुर, फतेहपुर, रायबरेली व लखनऊ के अफसर मौजूद रहे।

कानपुर रोड पर एलिवेटेड रोड के निर्माण को लेकर आवागमन में लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर से शाम और फिर देर रात में जाम लग रहा है। समस्या को दूर करने के लिए नए-नए उपाय किए जा रहे हैं। मंडलायुक्त ने शुक्रवार को बैठक कर उन्नाव बॉर्डर तक सर्वे करने का निर्देश दिया था। शनिवार को जिला प्रशासन और ट्रैफिक विभाग की संयुक्त टीम ने बनी तक हाईवे का निरीक्षण किया। लखनऊ की टीम के निरीक्षण में बनी तक सड़क टूटी मिली। सर्वे के दौरान पाया गया कि सर्विस लेन को चौड़ा नहीं किया जा सकता। मंडलायुक्त की बैठक में सर्विस लेन के चौड़ीकरण को लेकर चर्चा हुई थी। इस दिशा में भी सर्वे करने को कहा गया था।

**जुनाबगंज और स्कूटर इंडिया पर सड़कों की मरम्मत**

सर्वे के दौरान पाया गया कि निर्माण में बड़े क्रेन लगे होने और सर्विस लेने संकरा होने से भारी वाहनों के गुजरने के दौरान हादसे की आशंका बनी रहती है। सर्वे टीम ने गड्ढों को भरने के लिए एनएचएआई से संपर्क किया। इसके बाद जुनाबगंज और स्कूटर इंडिया पर सड़कों की मरम्मत शनिवार से ही शुरु हो गई। एक सप्ताह के भीतर अन्य स्थानों पर टूटी सड़कों को ठीक करने के लिए कहा गया है। भारी वाहनों के लिए टीम वैकल्पिक व्यवस्था तैयार करेगी, जिससे उनके आवागमन पर पूरी तरह से रोक न लग सके। इसके लिए डायवर्जन प्लान भी बनाया जा रहा है।

**सर्विस लेन से पार्किंग हटवाए जाएंगे**



निरीक्षण में सामने आया कि कानपुर रोड के सर्विस लेन पर ही भारी वाहन पार्क किए जाते हैं। इससे आवागमन में व्यवधान होता है। टीम ने सर्विस लेन पर पार्किंग पूरी तरह से बंद करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस को कार्रवाई के लिए कहा गया है।

**अतिक्रमण के खिलाफ होगी कार्रवाई**

सड़क किनारे अतिक्रमण को लेकर भी सर्वे टीम ने कार्रवाई की बात कही है। उन्नाव में हुई बैठक में भी इस पर सहमति बनी कि जाम लगने का प्रमुख कारण हाईवे के किनारे अतिक्रमण भी है। इसको लेकर हाईवे से अतिक्रमण हटवाने और इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। वहीं, एनएचएआई की ओर से जगह जगह साइन बोर्ड लगवाए जाएंगे।

**यहां लगता है साप्ताहिक बाजार**

कानपुर रोड पर गौरी, बंथरा और चिल्लावां में साप्ताहिक बाजार लगता है। सोमवार और शुक्रवार को वाहनों को निकलने में समस्या आती है। इन बाजारों को दूरी जगह स्थानांतरित करने के लिए जगह भी देखी जाएगी। उधर, कानपुर रोड पर सबसे ज्यादा बनी, जुनाबगंज चौराहा, बंथरा, स्कूटर इंडिया चौराहा, हाइडिल चौराहा, गौरी बाजार, चिल्लावां बाजार में वाहनों का दबाव रहता है।

# बुजुर्ग महिलाओं को बस में मिलेगी मुफ्त यात्रा

**पत्रकारों को निजी बसों में मुफ्त यात्रा का प्रस्ताव**

करण वाणी, न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को शीघ्र ही परिवहन निगम की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी।

यह घोषणा परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के वृंदावन में आयोजित दो दिवसीय प्रादेशिक प्रतिनिधि सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए की। उन्होंने घोषणा की कि सरकार पत्रकारों को निजी बसों में भी मुफ्त यात्राकी सुविधा दिए जाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है । खुले सत्र में कई पत्रकारों की इस मांग पर कि वर्ष में एक या दो बार पत्रकारों केपरिवारों को भी यह सुविधा मिले, परिवहन मंत्री ने कहा कि एक दो बार क्या आजीवन यह सुविधा दिए जाने का रास्ता निकाला जाएगा।

सम्मेलन की अध्यक्षता इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के अध्यक्ष के विक्रम राव ने की, जिसमें विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान और ओमप्रकाश सिंह विधान परिषद सदस्य ने भी संबोधित किया।

यूनियन के प्रादेशिक अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने परिवहन मंत्री को पत्रकारों की विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन भेंट किया। ज्ञापन में




कहा गया है कि यूनियन की मांग पर पत्रकारों को पेंशन दिए जाने की, जिस मांग को सरकार ने सिद्धांत स्वीकार कर लिया है , उसे शीघ्र रही अमली जामा पहनाया जाए। यूनियन ने पत्रकारों को आयुष्मान योजना में शामिल करने के लिए मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का आभार व्यक्त किया और अन्य मांगों पर शीघ्र विचार करने का अनुरोध किया।

प्रस्ताव का समर्थन यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रवींद्र सिंह और विजय शंकर पंकज, देवराज सिंह, अविनाश शुक्ला, मुकुल मिश्रा, जुबेर अहमद , आर एन बाजपेई और विजय प्रकाश मिश्रा ने किया।

स्वागत समिति के अध्यक्ष शिवशरण सिंह ने अपने स्वागत भाषण में मथुरा जिला इकाई के अध्यक्ष मनवीर सिंह चौहान और महामंत्री बंशीधर बंसल की सम्मेलन को सफल बनाने के लिए उनकी सराहना की। सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों के करीब 300 पत्रकारों ने भाग लिया।

प्रादेशिक महामंत्री प्रेमकांत तिवारी ने यूनियन की गतिविधियों की रिपोर्ट पेश की और अंत में धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# काशी और संस्कृति एक ही ऊर्जा के दो नाम: मोदी

▸▸ वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर से पीएम ने यूपी में 16 अटल आवासीय विद्यालयों का किया लोकार्पण
▸▸ प्रधानमंत्री ने कहा, दुनिया में बजाना चाहता हूं काशी का डंका
▸▸ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की प्रधानमंत्री ने की प्रशंसा



**करण वाणी, न्यूज**

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव के समापन समारोह में शामिलहुए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। प्रधानमंत्री ने यहीं से उत्तर प्रदेश के16 अटल आवासीय विद्यालयों का लोकार्पण भी किया। प्रधानमंत्री ने इससे पहले वाराणसी के अटल आवासीय विद्यालयों के बच्चों सेसंवाद भी किया। वहीं उन्होंने कार्यक्रम के अंत में विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों को देखा। प्रधानमंत्री ने समारोह के दौरान अपने उद्बोधन मेंकहा कि काशी और संस्कृति दोनों एक ही ऊर्जा के दो नाम हैं। उन्होंने कहा कि वो पूरी दुनिया में काशी का डंका बजाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात की भी जानकारी दी कि जल्द ही काशी सांसद ज्ञान महोत्सव और काशी सांसद टूरिस्ट गाइड प्रतियोगिता का भीआयोजन किया जाएगा।

**दुनियाभर में हो रही काशी की चर्चा**

अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि बाबा के आशीर्वाद से काशी का सम्मान आज नित नई ऊंचाइयों को छू रही है। जी-20 समिट केजरिए भारत ने पूरी दुनिया में अपना झंडा गाड़ा है, लेकिन उसमें काशी की चर्चा विशेष है। काशी की सेवा, काशी का स्वाद, काशी कीसंस्कृति और काशी का संगीत। जी-20 के लिए जो जो मेहमान काशी आया वो इसे अपनी यादों में समेटते हुए साथ लेकर गया है। जी20 की अद्भुत सफलता महादेव के आशीर्वाद से ही संभव हुई है। बाबा की कृपा से काशी अब विकास के ऐसे आयाम गढ़ रही है जोअभूतपूर्व है।

**काशी को लेकर साकार हो रहा मेरा सपना : मोदी**

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने जिस काशी की कल्पना की थी विकास और विरासत का वो सपना धीरे धीरे साकार हो रहा है। दिल्ली मेंव्यस्तता के बीच भी वे काशी सांसद सांस्कृति महोत्सव को जरूर देखते थे। कलाकारों की अद्भुत प्रस्तुतियों ने उन्हें प्रभावित किया। उन्हेंइस क्षेत्र की प्रतिभाओं से सीधा जुड़ने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में ये सांस्कृतिक महोत्सव काशी कीअलग पहचान बनने वाला है। उन्होंने कहा कि ये नटराज की अपनी नगरी है। सारी नृत्य कलाएं नटराज के तांडव से प्रगट हुई हैं। सारेस्वर महादेव के डमरू से उत्पन्न हुए हैं। सारी विधाओं ने बाबा के विचारों से जन्म लिया है। इन्ही कलाओं और विधाओं को भरत मुनि नेव्यवस्थित और विकसित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे घर की बैठकी हो या बजरे पर बुढ़वा मंगल, भरत मिलाप हो या नाग नथैया, संकटमोचन संगीत समारोह हो या देव दीपावली, सबकुछ सुरों में समाया हुआ है। काशी में शास्त्रीय संगीत की जितनी गौरवशालीपरंपरा है उतने ही अद्भुत यहां के लोकगीत हैं। उन्होंने बनारस के संगीत घरानों और संगीतज्ञों का भी बखान किया।

**काशी में नई परंपराओं की ये शुरूआत भर है : मोदी**

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सांसद खेल प्रतियोगिता पोर्टल को लांच किया। उन्होंने कहा कि चाहे सांसद खेल प्रतियोगिता हो, सांस्कृतिक महोत्सव हो। काशी में नई परंपराओं की ये शुरूआत है। अब यहां काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता का भी आयोजन कियाजाएग। कोशिश यही है कि यहां के इतिहास, समृद्ध विरासत, त्यौहार और खान पान के प्रति जागरूकता और बढ़े। उन्होंने कहा किउनकी इच्छा है कि यहां अब काशी सांसद टूरिस्ट गाइड प्रतियोगिता का आयोजन हो। पूरी दुनिया में कोई गाइड की बात करे तो काशीके गाइड का नाम सबसे सम्मान से लिया जाए।

**काशी है सर्व समावेशी, यही है इसकी शैक्षणिक सफलता का आधार**

प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के 16 अटल आवासीय विद्यालयों को लोकार्पित करते हुए कहा कि बनारस शिक्षा का एक बड़ा केंद्र रहा है।बनारस की शैक्षणिक सफलता का सबसे बड़ा आधार है इसका सर्व समावेशी स्वभाव। देश दुनिया के कोने कोने से आकर लोग यहांपढ़ाई करते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए 16 अटल आवासीय विद्यालय का लोकार्पण किया गया है। ये भव्य स्कूल, हमारे श्रमिक औरसमाज के कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए किया गया काम है। इससे उनसे अच्छी शिक्षा और संस्कार मिलेंगे। जिन लोगों की कोरोना मेंदुखद मृत्यु हो गई उनके बच्चों को यहां निशुल्क पढ़ाया जाएगा। यहां कोर्स के साथ साथ संगीत, कला, कंम्प्यूटर और खेल के लिए भीशिक्षक होंगे।

**प्रधानमंत्री ने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ**

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि देश के सभी राज्यों के पास पर्याप्त पैसे हैं। भारत सरकार कीओर से सभी को पूरी छूट दी गई है। मगर ज्यादातर राज्य वोट मिलने वाले कार्यों को करने में पैसा खपा रहे हैं। इसके विपरीत मुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ पैसों का सही उपयोग कर रहे हैं।

**सांस्कृतिक महोत्सव के विजेताओं को किया सम्मानित**

समारोह के दौरान काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव के अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इनमेंश्रीकृष्ण मिश्र को सितारवादन के लिए, महामाया पांडेय को ध्रुपद गायन में, पूजा भट्टाचार्या को ध्रुपद गायन में, तनु यादव को वादनविधा, सुभाष चंद्र वर्मा को ढोलक वादन में तथा निवेदिता पांडेय को भरतनाट्यम नृत्यविधा में पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार समूह वर्गमें श्रुति विश्वकर्मा और वैष्णवी सिंह को उप शास्तीय गायन में, बृजभान मरावी समूह को कर्मा जनजातीय नृत्य विधा में, शांभवी टंडनसमूह को नुक्कड़ नाटक में, जीवन ज्योति स्कूल समूह को भरतनाट्यम में प्रधानमंत्री ने पुरस्कृत किया।

# पीएम मोदी पर राहुल गांधी का तंज, बोले- प्रधानमंत्री 90 अफसरों के साथ देश चलाते हैं

जयपुर में पीएम मोदी पर राहुल गांधी का तंज, बोले- प्रधानमंत्री 90 अफसरों के साथ देश चलाते हैं।

**करण वाणी, न्यूज**

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और राहुल गांधी राज्यस्थान के जयपुर पहुंचे। इस मौके पर राजस्थान के सीएम भी पहुंचे और उन्होंने कहा कि आज पूरा कांग्रेस परिवार जयपुर में बैठा है। आजादी के बाद पहली बार प्रदेश कांग्रेस कमेटी का भवन बन रहा है।

इस मुबारक मौके पर मौजूदगी के लिए हम सब कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी का धन्यवाद करते हैं।

इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री 90 अफसरों के साथ देश चलाते हैं। इन 90 अफसरों में से सिर्फ 3ंडइउ वर्ग के हैं। सिर्फ 3 अफसर हैं और सरकार में उनकी कोई पावर नहीं है। ये कार्यकताओं का सम्मेलन है, दूर-दूर से लोग आए हैं। मैंने पहली बार देखा है, यहां हजारों बब्बर शेर एक साथ बैठे हुए हैं। नफरत का बाजार नहीं है, मोहब्बत की दुकान है।

**राहुल गांधी ने जनसभा को किया संबोधित**

कुछ दिन पहले मैंने संसद में अडानी पर भाषण दिया। उसके बाद मेरी लोकसभा की सदस्यता रद्द कर दी गई। यह इसलिए किया गया क्योंकि इन्हें- 'डर लगता है' आप किसी भी ओबीसी कार्यकर्ता से पूछ लीजिए कि ढट मोदी और अडानी का क्या रिश्ता है, वो भाग जाएगा। इंडिया और भारत के बीच कोई झगड़ा नहीं है। लेकिन... इखढ ने इंडिया और भारत में झगड़ा लगाने की कोशिश की।

**ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षण क्यों नहीं**

हमने महिला आरक्षण का पूरा समर्थन किया है। राजीव गांधी जी पंचायती राज में महिला आरक्षण लाए थे। लेकिन हमारे 2-3 सवाल हैं: - ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षण क्यों नहीं? - महिला आरक्षण लागू करने से पहले जनगणना और परिसीमन की जरूरत क्यों है? हम चाहते हैं कि महिला आरक्षण आज लागू हो, ंडइउ महिलाओं को आरक्षण का फायदा मिले।



कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी ने जयपुर में विशाल जनसभा को संबोधित किया और मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों पर करारा प्रहार किया। हम जनता की खुशहाली के लिए लगातार काम कर रहे हैं। कांग्रेस 2024 में केंद्र की तानाशाही सरकार को हराकर, करोड़ों देशवासियों के अधूरे सपनों को पूरा करेगी। प्रधानमंत्री 90 अफसरों के साथ देश चलाते हैं। इन 90 अफसरों में से सिर्फ 3ंडइउ वर्ग के हैं। सिर्फ 3 अफसर हैं और सरकार में उनकी कोई पावर नहीं है।

# राजस्थान के किसान जोजोबा की खेती कर कमा रहे हैं लाखों

**एक एकड़ में जोजोबा की खेती करने से 5 क्विंटल बीज निकलता है, वहीं अगर बाजार में इसकी कीमत की बात करें तो जोजोबा के 1 लीटर तेल की कीमत लगभग 7000 रुपये है।**

करण वाणी, न्यूज

धीरे-धीरे खेती उन्नत होती जा रही है, किसान अब ऐसी फसलों की तरफ ध्यान दे रहे हैं जिनसे उन्हें मोटा मुनाफा हो. इन्हीं फसलों में से एक है जोजोबा. यह फसल ज्यादातर रेगिस्तान वाले इलाकों में होती है. भारत में राजस्थान एक ऐसा राज्य है जहां की किसान ने फसल के जरिए लाखों की कमाई सालाना करते हैं. आज हम आपको इसी फसल से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराएंगे और इसके साथ ही बताएंगे कि अगर आप अपने राज्य में इसकी खेती करना चाहें तो कैसे कर सकते हैं।

जोजोबा के उपज की बात करें तो यह अन्य फसलों के मुकाबले काफी ज्यादा है. एक एकड़ में जोजोबा की खेती करने से 5 क्विंटल बीज निकलता है. वहीं अगर बाजार में इसकी कीमत की बात करें तो जोजोबा के 1 लीटर तेल की कीमत लगभग 7000 रुपये है. आपको बता दें 5 क्विंटल सीड से 250 लीटर तेल निकल सकता है।

जोजोबा के बीज से निकलने वाले तेल में वैक्स एस्टर मौजूद होते हैं. ये वैक्स एस्टर, मॉइस्चराइजर, शैंपू, बालों के तेल, लिपस्टिक, कंडीशनर, एंटी-एजिंग और सन केयर प्रॉडक्ट्स बनाने में इस्तेमाल किये जाते हैं. इसके अलावा केमिकल्स और दवायें बनाने में भी इसका बड़े पैमाने पर प्रयोग किया जाता है।



जोजोबा की फसल मुख्य रूप से राजस्थान में होती है. हालांकि, कृषि विशेषज्ञों की मानें तो पंजाब, हरियाणा उड़ीसा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के किसान भी जोजोबा की खेती करके अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं. यूपी और बिहार वाले किसान भी इस फसल में अपने हाथ आजमां सकते हैं, लेकिन बस उन्हें थोड़ी तकनीक का भी इसकी खेती के लिए सहारा लेना पड़ेगा. हालांकि, बुंदेलखंड के कुछ इलाकों में इसकी फसल बोई जा सकती है और उससे मुनाफा भी कमाया जा सकता है।

# करें टॉप 5 सब्जियों की खेती, होगी लाखो की कमाई

करण वाणी, न्यूज

खेती-किसानी के काम को मौसम के अनुरूप करने से अच्छा उत्पादन मिलता है। यदि मौसम के अनुसार सही समय पर फसल की बुवाई का काम किया जाए तो इससे अच्छी पैदावार तो मिलती ही है, साथ ही बेहतर मुनाफा भी होता है। इसलिए किस महीने किस फसल की बुवाई करनी चाहिए ये हमें पता होना चाहिए, तभी हम उस फसल का अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। चाहे वो अनाज हो या दलहनी फसल हो या फिर सब्जियों की फसल ही क्यूं न हो। इस समय गेहूं की बुवाई लगभग पूरी हो गई है। गेहूं लंबी अवधि की फसल है। इस बीच किसान सब्जी की खेती कर-के इससे अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। ऐसी कई सब्जियां हैं, जो कम लागत में अच्छी कमाई देती हैं। आप इनकी खेती जनवरी माह में करके अच्छी इनकम प्राप्त कर सकते हैं। आज हम आपको जनवरी माह में उगाई जाने वाली चुनिंदा 5 टॉप सब्जियों की खेती की जानकारी दे रहे हैं जिससे आप काफी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं।

**टर की खेती**

मटर की खेती काफी लाभकारी खेती होती है। मटर की खेती करके किसान काफी अच्छा पैसा बना सकते हैं। मटर को दो तरीके से बेचा जा सकता है। एक तो मटर को ताजा सब्जी के रूप में बेच सकते हैं और दूसरा मटर की प्रोसेसिंग करके उन्हें पैकिंग में बेचा जा सकता है जो लंबे समय तक चलता है। इस मटर को फ्रोजन मटर कहा जाता है। ऐसे में आप इसे साल भर बेचकर अच्छा पैसा कमा सकते हैं। मटर की खेती के लिए आप इसकी अर्पणा मटर, आर्किल मटर, जवाहर मटर, काशी उदय मटर, पंत सब्जी मटर जैसी उन्नत किस्मों का चयन कर सकते हैं। इसमे आपको अपने क्षेत्र के अनुसार मिट्?टी और जलवायु के आधार पर मटर की किस्म का चयन करना चाहिए।

**ब्रोकली की खेती**

जनवरी में ब्रोकली की खेती भी अच्छा मुनाफा देती है। खास बात ये हैं कि इसके बाजार में काफी अच्छे भाव मिल जाते हैं। ये स्वास्थ्य की दृष्टि से काफी लाभकारी सब्जी मानी जाती है। इसलिए इसकी मांग बडी-बड़ी होटलों मे अधिक होती है। इसे बड़े- मॉल्स और बाजारों में बेचा जाता है। आजकल कई कंपनियों ने अपने स्टोर्स खोल रखें हैं जहां इन्हें बेचा जाता है। ब्रोकली की खेती लाभकारी खेती मानी जाती है। इसकी खेती करके लागत से अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है। आप ब्रोकली की ऑर्गेनिक खेती करके काफी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। अब बात करें ब्रोकली की किस्मों की तो इसकी किस्मों में ब्रोकली की सफेद, हरी व बैंगनी किस्में आती है, लेकिन इनमें से हरी ब्रोकली की किस्म ही सबसे ज्यादा पसंद की जाती है। ब्रोकली की प्रमुख किस्में में नाइन स्टार, पेरिनियल, इटैलियन ग्रीन स्प्राउटिंग या केलेब्रस, बाथम 29 और ग्रीन हेड शामिल हैं।

**मूली की खेती**

मूली की खेती कम लागत में अधिक उपज देने वाली किस्म मानी



जाती है। यह सर्दियों के मौसम में काफी अच्छी पैदावार देती है क्योंकि इस फसल की तासीर ठंडी होने से इसे धूप की कम आवश्यकता पड़ती है। इसलिए इसे सर्दियों में ही उगाया जाता है। मूली खाने से पाचनक्रिया सही रहती है। कई रोगों में मूली के बीजों व रस को औषधी के रूप में प्रयोग में लिया जाता है। ज्यादातर इसका उपयोग सलाद व सब्जी बनाने व मूली के परांठे बनाने में किया जाता है। इसके पत्तों को पशुओं को खिलाने में काम में लिया जा सकता है। मूली की खेती के लिए किसान भाई इसकी उन्नत किस्मों में मूली की जापानी सफेद, पूसा देशी, पूसा चेतकी, अर्का निशांत, जौनपुरी, बॉम्बे रेड, पूसा रेशमी जैसी उन्नत किस्मों की बुवाई कर सकते हैं।

**फ्रेंच बीन की खेती**

किसान भाई फ्रेंच बीन की खेती करके भी अच्छी-खासी कमाई कर सकते हैं। फ्रेंच बीन को ताजा हरी सब्जी के रूप में खाया जाता है। इसके अलावा इसे सूखा कर राजमा और लोबिया के रूप में भी खाया जाता है। इस तरह ये सब्जी भी अधिक दिनों तक संग्रहित करके रखी जा सकती है और इसका उपयोग भी अधिक समय तक किया जा सकता है। ऐसे में इसकी खेती भी किसानों के लिए मुनाफे का सौदा साबित हा सकती है। फ्रेंच बीन की दो तरह की किस्में आती हैं, पहली झाड़ीदार किस्में और दूसरी बेलदार किस्में। झाड़ीदार किस्मों में कंटेंडर, जाइंट स्ट्रींगलेस, पेसा पार्वती, अकार कोमल आदि आती हैं। वहीं बेलदार किस्मों में पूसा हिमलता, केंटुकी वंडर आदि किस्में हैं। इनमें से किसान अपने क्षेत्र की जलवायु व मिट्टी के आधार पर इसका चयन कर सकते हैं। किसान एक बात का विशेष ध्यान रखें कि इसकी फसल के लिए ज्यादा सर्दी और ज्यादा गर्मी दोनों ही हानिकारक है। इसलिए इसे ऐसे स्थान पर बोये जहां न ज्यादा सर्दी हो और न ही ज्यादा गर्मी। सर्दियों में इसकी फसल को पाले से बचाव करना जरूरी है।

**पालक की खेती**

पालक की खेती से भी किसान अच्छा लाभ कमा सकते हैं। इसकी खेती भी सर्दियों में काफी आसानी से की जा सकती है। सर्दियों में लोग हरे पालक की सब्जी, कई सब्जियों के साथ जैसे- पालक पनीर, आलू पालक, सादा पालक की सब्जी बनाकर खाई जाती है। इसके अलावा कई चीजों में भी इसे डालकर खाया जाता है। पालक के परांठे भी लोग बड़े चाव से खाते हैं। पालक आयरन का उत्तम स्त्रोत हैं। इसका प्रयोग गाजर के ज्यूस में भी किया जाता है। इसकी बाजार में मांग भी अच्छी रहती है और इसके दाम भी बेहतर मिल जाते हैं। इसलिए ये कहा जा सकता है कि पालक की खेती किसी भी तरह से किसानों के लिए घाटे का सौदा नहीं है। किसान इसकी बुवाई के लिए आल ग्रीन, पूसा हरित, पूसा ज्योति, बनर्जी जाइंट, जोबनेर ग्रीन जैसी उन्नत किस्मों का चयन कर सकते हैं।

# शाहरुख खान की जवान ने 17 वें दिन रच दिया इतिहास

शाहरुख खान की जवान ने रिलीज के 17वें दिन एक बार फिर इतिहास रच दिया है. फिल्म ने शाहरुख खान की ही ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान के लाइफटाइम कलेक्शन के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

करण वाणी, न्यूज

शाहरुख खान स्टारर फिल्म जवान बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है. इस फिल्म ने रिलीज के महज 16 दिनों में ही गदर 2 के लाइफटाइम कलेक्शन को मात दे दी.हालांकि इस बीच जवान की कमाई में कई दिनों से गिरावट भी देखी जा रही है. पिछेल दो दिनों से तो फिल्म सिंगल डिजिट में कलेक्शन कर रही है. हालांकि शनिवार को फिल्म की कमाई में उछाल देखा जा रहा है. चलिए यहां जानते हैं रिलीज के 17वें दिन यानी तीसरे शनिवार को जवान कितने करोड़ का कलेक्शन कर सकती है।

**जवान ने रिलीज के 17वें दिन कितनी कमाई की?**

शाहरुख खान की लेटेस्ट रिलीज फिल्म जवान बॉक्स ऑफिस पर छप्पर फाड़ कलेक्शन कर रही है. दिलचस्प बात ये है कि ये फिल्म सबसे तेजी से कमाई कर रही है. हालांकि रिलीज के दूसरे हफ्ते से फिल्म की कमाई हर दिन घट रही है बावजूद इसके जवान ने कमाई के तमाम रिकॉर्ड अपने नाम कर लिये हैं. जहां रिलीज के 16वें दिन फिल्म ने गदर 2 का रिकॉर्ड भी ब्रेक कर दिया. दरअसल जवान ने 16वें दिन 7 करोड़ रुपये कमाकर गदर 2 के कुल कलेक्शन 532.93 करोड़ रुपये को पीछे छोड़ दिया है. वहीं अब जवान की रिलीज के 17वें दिन की कमाई के शुरूआती आंकड़े आ गए हैं जिसके मुताबिक तीसरे शनिवार फिल्म की कमाई में जबरदस्त उछाल आया है।



**इसी के साथ ह्यजवान की 17 दिनों की कुल कमाई अब 545.58 करोड़ रुपये हो गई है.**

शाहरुख खान ने अपनी ही ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान का तोड़ा रिकॉर्ड शाहरुख खान के लिए साल 2023 बेहद लकी रहा है. जहां साल के शुरूआत में उनकी एक्शन थ्रिलर फिल्म पठान ब्लॉक बस्टर रही थी तो हालिया रिलीज फिल्म जवान उससे भी दो कदम आगे साबित हुई है. यहां तक की जवान ने रिलीज के 17वें दिन 545.58 करोड़ का कलेक्शन कर पठान के 543.5 करोड़ के लाइफटाइम कलेक्शन के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है. इसी के साथ जवान ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है और बॉलीवुड की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में टॉप पर आ गई है. अब जवान 600 करोड़ के टारगेट पार करने की ओर बढ़ रही है. उम्मीद है कि ये माइल्स स्टोन भी जवान जल्द ही पूरा कर लेगी।

## 'जवान' की चपेट में आई विक्की कौशल की नई फिल्म



विक्की कौशल की फिल्म 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हुई. गाने और ट्रेलर दिलचस्प होने के बावजूद, पहले दिन फिल्म के लिए थिएटर्स में जनता की खास भीड़ नहीं जुटी. शाहरुख खान की 'जवान' अब भी थिएटर्स में जमकर रौला काट रही है और इसका असर विक्की की नई फिल्म पर पड़ता दिख रहा है।

जनता के फेवरेट यंग स्टार्स में से एक विक्की कौशल की फिल्म आई है 'द ग्रेट इंडियन फैमिली'. फैमिली ड्रामा और कॉमेडी के डोज के साथ एक जरूरी सोशल मैसेज लेकर आई इस फिल्म के गाने और ट्रेलर काफी दिलचस्प थे. लेकिन इसके बावजूद 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' को पहले दिन थिएटर्स में वैसी ऑडियंस नहीं मिली, जैसी मिलनी चाहिए थी. इसकी वजह बॉलीवुड के किंग खान, शाहरुख हैं. उनकी फिल्म 'जवान' 16 दिन बाद भी थिएटर्स में जमकर बिजनेस कर रही है. 'जवान' आधे महीने बाद भी बहुत दमदार बनी हुई है और अभी भी नई फिल्मों के लिए एक चैलेंज बनी हुई है।

विक्की कौशल की 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' ऐसी कहानी है, जिसे वैसे भी पहले ही दिन बहुत बड़ा बॉक्स कलेक्शन तो नहीं ही मिलना था. धार्मिक भेदभाव के मुद्दे को एड्रेस करती इस फिल्म को मेकर ने मार्किट में बहुत अच्छे से प्रोमोट भी नहीं किया था. लेकिन फिर भी पहले दिन इसने जो कमाई की है, वो उम्मीद से भी कम है।

**विक्की के लिए शुक्रवार को ठंडा रहा बॉक्स ऑफिस**

'द ग्रेट इंडियन फैमिली' के प्रमोशन पर और लोगों को फिल्म के बारे में बताने में बहुत मेहनत नहीं की गई थी. फिल्म से जब विक्की कौशल का पहला गाना 'कन्हैया ट्विटर पे आजा' रिलीज हुआ, तभी से शाहरुख की 'जवान' का माहौल जोर पर था. शाहरुख की फिल्म ने चारों तरफ ऐसा माहौल बना रखा था कि 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' पर लोगों का ध्यान ही नहीं गया. शुक्रवार को भी लोगों को ये पता ही नहीं था कि कोई नई फिल्म भी आई है।

# सनी देओल की गदर 2 अभी भी बनी है फैंस के लिए ऑप्शन

जवान के कलेक्शन के बीच गदर 2 की 43वें दिन भी कमाई जारी है. हालांकि यह करोड़ नहीं बल्कि लाखों में है।

करण वाणी, न्यूज

नई दिल्ली। बॉक्स ऑफिस पर कुछ ही फिल्में होती हैं, जो हफ्तेभर से ऊपर टिक पाती हैं. लेकिन सनी देओल की फिल्म गदर 2 छह हफ्ते बाद भी बॉक्स ऑफिस कलेक्शन नजर आ रही है. जबकि केवल दो हफ्तों में शाहरुख खान की फिल्म का वीकडेज कलेक्शन कम देखने को मिला है. हालांकि गदर 2 की कमाई करोड़ों से लाखों पर पहुंच गई है. पर फिर भी फैंस के लिए गदर 2 देखना एक ऑप्शन बना हुआ है, जो कि फैंस को हैरान कर रही है. इसी बीच 43वें दिन की कमाई का आंकड़ा सामने आ गया है, जो अब तक की सबसे कम कमाई है।





बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सचनिल्क के शुरूआती आंकड़ों को मानें तो गदर 2 ने 43वें दिन केवल 0.25 करोड़ की कमाई की है, जो कि बीते 43 दिनों में सबसे कम है. वहीं अब सनी देओल की फिल्म का भारत में कलेक्शन 522.25 करोड़ हो गया है. जबकि इंडिया ग्रॉस 616 करोड़ और वर्ल्डवाइड फिल्म ने 681 करोड़ की कमाई पूरी कर ली है।

6 हफ्तों की कमाई की बात करें तो पहले हफ्ते 284.63 करोड़, दूसरे हफ्ते 134.47 करोड़, तीसरे हफ्ते 63.35 करोड़, चौथे हफ्ते 27.55 करोड़ और पांचवे हफ्ते 7.28 करोड़ का कलेक्शन किया था. जबकि छठे हफ्ते यह 4.72 करोड़ ही कमाई कर पाई है. हालांकि अब सिनेमाघरों के बाद फैंस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर गदर 2 को देखने को फैंस बेसब्री से इंतजार कर रही है। बता दें, सनी देओल, अमीषा पटेल और उत्कर्ष शर्मा की गदर 2 80 करोड़ के कम बजट में बनीं है. वहीं बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म जी 5 पर भी फिल्म के रिलीज होने की चर्चा की जा रही है।

# सीएम योगी को खुली चुनौती दे रहे भू माफिया....

## नदी की कई बीघा जमीन कब्जा करने का अरोप, ग्राम पंचायत खाण्डेदेव के दादूपुर का मामला





नहर की पुलिया पर गेट लगाकर बंद किया किसानों रास्ता

**करण वाणी, न्यूज**

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के सरोजनीनगर तहसील क्षेत्र में भूमाफियाओं का कहर बढ़ता जा रहा है। यहां पर बेखौफ निर्माण करके प्लाटिंग कर रहा है। भूमाफिया के इस कदम से आसपास के किसानों की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। इस मामले को लेकर पीड़ित किसानों ने मुख्यमंत्री से लेकर डिप्टी सीएम तक इसकी शिकायत की है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने मामले का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी लखनऊ को जांच के आदेश दिए हैं, बावजूद इसके दबंग भूमाफिया बेखौफ होकर अवैध तरीके से सरकारी जमीनों पर कब्जा करने में जुटा हुआ है। वहीं, पुलिस प्रशासन ने भूमाफिया के सामने घुटने टेक दिए हैं।

मामला सरोजनीनगर तहसील क्षेत्र का है, यहां के दादूपुर गांव के पीड़ित किसान बलराम सिंह चौहान का कहना है कि, उसकी पैतृक कृषि योग्य जमीनें राजस्व ग्राम खाण्डेदेव व दादूपुर में स्थित हैं। राजस्व ग्राम खाण्डेदेव में उनके खेत से कुछ दूरी पर ही स्थानीय नदीनगवा बहती है, जो कि आसपास के दर्जनों गांवों में सिंचाई का प्रमुख साधन है। पीड़ित का कहना है कि, भूमाफिया मोहम्मद आसिफपुत्र मोहम्मद आसिफ कुरैशी निवासी 1 सी लॉ प्लास , शाहनजफ रोड हजरतगंज ने राजस्व ग्राम खाण्डेदेव व दादूपुर में कुछ जमीनेंखरीद रखी हैं। प्लाटिंग की आड़ में बिल्डर मोहम्मद आसिफ और उसके गुर्गेतहसील प्रशासन के वरदहस्त के चलते खाण्डेदेव व दादूपुरमें ग्राम में स्थित नगवा नदी के किनारे की उपजाऊ जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। यही नहीं भूमाफिया और उसके गुर्गों ने राजस्व ग्रामखाण्डेदेव के मजरा पुराहीखेड़ा में नगवा नदी पर जबरन एक पुल का निर्माण कर लिया है। इस पुल का निर्माण करने के बाद दबंगभूमाफिया ने गेट लगाकर ताला डाल दिया है। इस अवैध पुल के निर्माण से नगवा नदी के आस पास की सैकड़ो बीघे फसल के जलमग्नहोने का खतरा मंडराया करता है। इसके साथ ही भूमाफिया ने पुल बनाकर खाण्डेदेव व दादूपुर ग्राम में आने वाली नगवा नदी के दोनोंकिनारों की कई बीघे जमीन पर कब्जा कर लिया है। किसान का कहना है कि, भूमाफियामोहम्मद आसिफ और उसके स्वामित्व वालीमुंतहा कंस्ट्रक्सन कम्पनी ने राजस्व ग्राम खाण्डेदेव व दादूपुर में नगवा नदी के एक किलोमीटर के दायरे में कई बीघे जमीन पर कब्जा करलिया है। इसके साथ इस दबंग भूमाफिया ने दादूपुर और खाण्डेदेव में स्थित ग्राम समाज, बंजर और चरागाह की जमीन पर भी कब्जाकर रखा है।

### प्रशासन ने कौड़ियों के भाव विनिमय कर दी करोड़ों की जमीनें

किसानों का आरोप है कि भूमाफिया मोहम्मद आसिफ पर तहसील प्रशासन इस कदर मेहरबान है कि उसे लाभ पहुंचाने के लिए करोड़ोंरुपये मूल्य की जमीनें कौड़ियों के भाव वाली जमीनों से विनिमय करके दे दी गईं हैं. मोहम्मद आसिफ को लाभ पहुंचाने के लिएसरोजनीनगर तहसील के गांव पिपरसण्ड, बंथरा, दादूपुर और खाण्डेदेव की बेशकीमती सरकारी जमीनें मुफ्त की जमीनों के बदले दे दीं।

## सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया गया पीएम मोदी का जन्मदिन, दीघार्यु होने की कामना की

**करण वाणी, न्यूज**



**लखनऊ।** भाजपा युवा मोर्चा लखनऊ महानगर के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया गया। जिले में भाजयुमो महानगर अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पीएम मोदी के जन्म दिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से केजीएमयू ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें भारतीय जनता पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकताओं ने रक्तदान किया। जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में अवध क्षेत्र भाजपा अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी व प्रदेश प्रवासी के तौर पर प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा शिवेंद्र विक्रम शाही ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

### विश्व शक्ति बन रहा है देशः कमलेश मिश्रा

इसके बाद भाजयुमो प्रदेश मंत्री शिवेंद्र विक्रम शाही समेत कई कार्यकताओं ने रक्तदान किया। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश विश्व शक्ति बन रहा है। हम सभी की कामना है कि वह दीघार्यु हो। भाजपा पूरेदेश में सेवा पखवाड़ा मना रही है। इसके तहत युवा मोर्चा ने रक्तदान शिविर आयोजित किया है। यह रक्तदान कई जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने के काम आएगा। रक्तदान महादान होता है।

### युवाओं के आदर्श हैं पीएमः शिवेंद्र

यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर चलाया जा रहा है। इसी क्रम में भाजयुमो प्रदेश मंत्री शिवेंद्र विक्रम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं के आदर्श हैं। इसलिए हम लोग उनके जन्मदिन पर रक्तदान कर रहे हैं। राष्ट्र के प्रतिभावान युवाओं को सशक्त और राष्ट्र निर्माण की ओर प्रेरित करना मोदी जी का प्रमुख उद्देश्य है।

# गढ़ी चुनौटी में लगा 43वां आपका विधायक-आपके द्वार कार्यक्रम, 4 मेधावियों को किया गया सम्मानित

## तारा शक्ति निःशुल्क रसोईह्य से गढ़ी चुनौटी के ग्रामीणों ने किया भोजन, यूथ क्लब स्थापित कर वितरित की गई स्पोर्ट्स किट



करण वाणी, न्यूज

लखनऊ। डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा सरोजनीनगर की जनता से नियमित संवाद कर, जनसमस्याओं को सुन उसके निस्तारण के लिएरविवार को ग्राम गढ़ी चुनौटी में 43वां ह्यआपका विधायक, आपके द्वारह्य जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। शिविर में जनता के बीच पहुंची विधायक की टीम उनकी समस्या के समाधान के लिए सक्रिय दिखी, टीम के सदस्यों ने जनता से सहजता पूर्वक संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। शिविर में प्राप्त सभी समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया गया। साथ ही विधायक डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा क्षेत्र में कराये जा रहे विकास कार्यों से भी ग्रामीणों को अवगत कराया।

**गांव की शान-मेधावियों का सम्मान**

साथ ही गांव की शान अभियान के अंतर्गत मेधावियों को सम्मानित करने के क्रम में इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले गांव के 4 मेधावियों आकाश प्रताप सिंह (75%), प्रियांशी रावत (73%), आंचल (67%) एवं उत्कर्ष सिंह चौहान (65%) को साइकिल, घड़ी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**यूथ क्लब को स्पोर्ट्स किट वितरित, वृद्ध महिला को किया सम्मानित**

युवाओं को खेल के अवसर दिलाने तथा खेल संसाधनों के प्रसार के लिए ग्राम गढ़ी चुनौटी में यूथ क्लब का गठन कर स्पोर्ट्स किट वितरित की गई और विधायक की टीम ने युवा खिलाड़ियों के साथ वॉलीबॉल भी खेला। गढ़ी चुनौटी की 82 वर्षीय जगदेई देवी तथा को विधायक की टीम ने भेंट कर उन्हें रामचरितमानस, अंगवस्त्र व सहायता राशि देकर सम्मानित किया। **तारा शक्ति निःशुल्क रसोईह्य के माध्यम से कराया गया भोजन**

इस दौरान माता तारा सिंह जी की प्रेरणा से आरंभ हुए ह्यतारा शक्ति निःशुल्क रसोईह्य के माध्यम से ग्राम गढ़ी चुनौटी के लोगों को ताजा स्वादिष्ट भोजन भी उपलब्ध कराया गया। लोगों ने डॉ. राजेश्वर सिंह की इस अनूठी पहल की जमकर सराहना की।

# सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीगः फुटबॉल टूनार्मेंट में युवा खिलाड़ी कर रहे उम्दा प्रदर्शन

## कर्नल एसएन मिश्रा मेमोरियल स्कूल, बेबी लैंड स्कूल और ब्लैक रेंजर्स फुटबॉल क्लब ने अगले चरण में किया प्रवेश



करण वाणी, न्यूज

लखनऊ। खिलाड़ियों को खेल का बेहतरीन प्लेटफार्म प्रदान करने के लिए डॉ राजेश्वर सिंह की अनूठी पहल ह्यसरोजनीनगर स्पोर्ट्सलीगह्य के अंतर्गत चल रही ह्यफुटबॉल टूनार्मेंटह्य में रविवार को पांच मुकाबले हुए। इन सभी मुकाबलों में युवा खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीनखेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

पहला मुकाबला मैच कर्नल एसएन मिश्रा मेमोरियल स्कूल व एसकेडी एकेडमी के बीच हुआ। इस रोमांचक मुकाबला में कर्नल एसएनमिश्रा मेमोरियल स्कूल ने बेहतरीन टीम वर्क का प्रदर्शन करते हुए 1-0 से मैच जीता। टीम के खिलाड़ी अभिषेक ने टीम को विजयदिलाने में अहम भूमिका निभाई।

दूसरे मैच में साईं पब्लिक इंटर कॉलेज व बेबी लैंड स्कूल की फुटबॉल की टीम आमने सामने थी। बेबी लैंड स्कूल ने उम्दा खेल प्रदर्शनकरते हुए 5-4 से मैच अपने नाम किया। मैच में साईं पब्लिक इंटर कॉलेज की ओर से समीर चौधरी और बेबी लैंड स्कूल की ओर सेअभिषेक साहू ने सर्वाधिक गोल किए।

तीसरा मैच में रनवे फुटबॉल क्लब और ब्लैक रेंजर्स फुटबॉल क्लब के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। लेकिन ब्लैक रेंजर्सफुटबॉल क्लब ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन करते हुए रनवे फुटबॉल क्लब को 8-7 से मात दी। मैच में ब्लैक रेंजर्स फुटबॉल क्लब कीतरफ से कार्तिक और रनवे फुटबॉल क्लब की ओर से पवन यादव ने सर्वाधिक गोल किए।

चौथा मैच स्टेला मैरिस इंटर कॉलेज और नेशनल पब्लिक इंटर कॉलेज के बीच खेला गया जिसमें स्टेला मैरिस इंटर कॉलेज 5-0 सेमुकाबला अपने नाम किया। स्टेला मैरिस इंटर कॉलेज के शांतु मिश्रा, कनिष्क वर्मा और नुमैर उस्मान ने जबरदस्त प्रदर्शन कर अपनीटीम को जीताया।

पांचवा मुकाबला मणिपाल पब्लिक स्कूल और एलपीएस कालिंदी के बीच खेला जाना था लेकिन एलपीएस कालिंदी टीम में अपर्याप्तखिलाड़ी होने के कारण मणिपाल को वॉकओवर मिल और टीम अगले चरण में प्रवेश कर गई।

सभी मैचों के उपरांत सभी टीमों को ट्रॉफी व फुटबॉल तथा सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# अवध प्रेस क्लब की मासिक बैठक में संगठन का हुआ विस्तार



करण वाणी, न्यूज

**सरोजनीनगर लखनऊ।** रविवार को बंथरा स्थित मां अन्नपूर्णा ढाबा पर अवध प्रेस क्लब की मासिक बैठक प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरविंदसिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में उपस्थित पत्रकारों के बीच आज तमाम समसामयिक मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई जिसमेंउपस्थित पत्रकारों ने खुलकर अपनी राय रखी। साथ ही सभी से चर्चा कर पत्रकार नीरज श्रीवास्तव को संगठन में शामिल करने केसाथह्यसाथ ही उपाध्यक्ष पद से मनोनीत किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान ने कहा कि पत्रकारों को खबरों को लेकर किसी प्रकार की उदासीनता नहींबरतनी चाहिए क्योंकि पत्रकारिता की पहचान उसकी लेखनी से आए समझ में परिवर्तन से है। पत्रकारिता के माध्यम से ही आजआमजन को न्याय संभव हो पा रहा है। इसके साथ ही श्री चौहान ने कहा कि सही खबरों का ही प्रकाशन किया जाए जिससे आमजनमानस का विश्वास पत्रकारों पर कायम रहे। पत्रकारिता का पहला उद्देश्य गरीब,शोषित, वंचित की आवाज बनकर पीड़ित पक्ष कीआवाज उठानी चाहिए।

किसी भी पत्रकार को अपनी लेखनी से समझौता नहीं करना चाहिए ना ही किसी को किसी षड्यंत्र से डरने की जरूरत है, अगर किसी भीपत्रकार के खिलाफ षड्यंत्र के तहत कोई भी कार्रवाई करने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ मेरा संगठन पुरजोर आवाज उठाएगा।

बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष सिंह, उपाध्यक्ष गुलाब सिंह राठौर ,प्रचार मंत्री ऋषि राज गुप्ता, सह संगठन मंत्री नितिन पटेल, कोषाध्यक्ष पंकज सिंह, संगठन मंत्री कृष्ण कुमार सिंह, बलराम सिंह, मीडिया प्रभारी अभिलाष मिश्रा , उपाध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव, सदस्य महेंद्र राजपूत दीपराज सिंह उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सीमा सिंह द्वारा प्वांइट ऑफसेट, 86/98 कुर्मी टोला गुरुगोविन्द सिंह मार्ग, लालकुआं, लखनऊ-226018 से मुद्रित एंव पहाड़पुर, पोस्ट बंथरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक- पंकज सिंह मो- 9415067370 E-mail:-karnvaninews@gmail.com website:- www.karnvaninews.com RNI-UPHIN/2016/74800